चाणक्य वार्ता में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की कृति मूकमाटी पर लिखा हुआ लेख बहुत ही प्रबुद्ध आलेख है। ऐसी महान आत्मा की उक्ति को समझना ही कठिन होता है। भाषा एवं अभिव्यक्ति की सरलता भ्रामक है। विचार बहुत ही गूढ़, गंभीर एवं तत्कालीन संदर्भों के लिए प्रासंगिक है। आदरणीया डॉ. नीलम जैन ने इस कृति के विविध आयामों एवं पक्षों को उद्घाटित करते हुए इस कृति के प्रति हमारी उत्सुकता जागृत की है। उनकी भाषा बहुत ही प्रांजल एवं तत्सम प्रधान होने के कारण लयात्मकता का आभास देती है। इस प्रकार से कविता और विश्लेषण दोनों की अभिव्यंजना लगभग एक समान है। मुझे तो यह भी लग रहा है कि इसके कुछ अंशों को पाठ्यक्रम में संलग्न करना चाहिए। इसमें हम सब के लिए संदेश भरे पड़े हैं। संत की वाणी में राष्ट्र एवं समाज के प्रति संवेदना स्पष्ट परिलक्षित है।

**डॉ मैथिली राव**
**बेंगलुरु, कर्नाटक**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2024 के अंक में पत्रिका के संपादक डॉ. अमित जैन ने अपने संपादकीय में मतदान को प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बताया है। उनकी यह बात बिल्कुल सही है, हमारे संविधान में कुछ नियम हैं, जिन्हें मानना अनिवार्य है। मतदान उनमें से एक नहीं है। लेकिन इसे हम सभी को नैतिक जिम्मेदारी मानना चाहिए। डॉ. जैन ने अपने संपादकीय में मतदान की अनिवार्यता पर जोर दिया है जिसकी बहुत आवश्यकता है। सही व्यक्ति को चुना जाना भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इसलिए मेरा जनता से भी आग्रह है कि वह गुणवान तथा राष्ट्रभक्त उम्मीदवार को ही अपनी पहली पसंद बनाएं।

**राम कृष्ण मिश्रा**
**दिल्ली**

चाणक्य वार्ता के अंक में लोकसभा चुनाव पर धीरेंद्र मिश्र का लेख पढ़ा। लेखक ने अपने लेख में लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार जो मुद्दे हैं, उन पर प्रकाश डाला है। उन्होंने विरासत टैक्स, मंहगाई, बेरोजगारी, आधी आबादी तथा नेतृत्व या चेहरा सहित कई विषयों पर अपने विचार रखे। मिश्र ने चुनाव के दौरान सोशल मीडिया के उपयोग तथा चल रहे नारों की भी जानकारी प्रदान की। मुझे यह एक अच्छा विश्लेषणात्मक लेख लगा। इसी अंक में बी.एल. गौड़ ने भी लोकसभा चुनाव पर अपने विचार लिखे हैं। उन्होंने इसे युद्ध बताया है। निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं, वो किसी युद्ध से कम नहीं है।

**वी. सुरेश**
**हैदराबाद, तेलंगाना**

**आप सभी पाठकगण पत्रिका में प्रकाशित लेखों पर अपने विचार या कोई सुझाव हमें हमारी ई-मेल आईडी response50123@gmail.com पर भेज सकते हैं। स्थान की उपलब्धता के अनुसार हम आपके विचारों को शामिल करने का प्रयास करेंगे।**
**—सम्पादक 'चाणक्य वार्ता'**




चाणक्य वार्ता में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समाधिमरण के उपरांत मुनि समयसागर जी महाराज के पदासीन होने के समारोह पर डॉ. सुनील संचय की रिपोर्ट पढ़ी। इस समारोह में लाखों की भीड़ के मध्य चाणक्य वार्ता के गौरवशाली 200 वें अंक 'आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज स्मृति विशेषांक' का विमोचन संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत जी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है। 9 वर्षों तक लगातार 200 अंक प्रकाशित करके चाणक्य वार्ता परिवार ने पत्रकारिता जगत में अपने पदचिन्ह स्थापित किए हैं। इसी लेख के साथ सुनीता बैनाड़ा की आचार्य विद्यासागर जी महाराज पर रचित कविता भी बहुत पसंद आई। पत्रिका में भगवान महावीर की जन्म जयंती पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की रिपोर्ट से भी जैन समाज के मूल्यों को समझने में सहायता मिली।

**राजेंद्र पाल शर्मा**
**पोर्ट ब्लेयर, अंडमान एवं निकोबार**

चाणक्य वार्ता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर डॉ. दीपक कोहली का लेख पढ़ा। मेरिटोक्रेसी पर उन्होंने बहुत ही बारीकी से प्रकाश डाला है। उनके बताने से पता चला कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, रोबोटिक्स व परिधेय प्रौद्योगिकी आदि में होता है। अभी तक मुझे लगता था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सिर्फ मशीनों को मानव की तरह सोचने की क्षमता विकसित करना होता है। क्योंकि कई लोगों का मानना है कि हम इस प्रकार की तकनीक का उपयोग कर किसी कार्य के गड़बड़ होने की संभावना को शून्य तक ला सकते हैं। मनुष्य गड़बड़ कर सकता है, लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से मशीने कभी गड़बड़ नहीं करती हैं।

**हरि ठाकुर**
**शिमला, हिमाचल प्रदेश**

चाणक्य वार्ता के 1 मई 2024 के अंक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी सहित पूरे देश में जो विकास कार्य किया है, उस पर डॉ. भरत कुमार का लेख पढ़ा। काशी कभी भगवान भोलेनाथ के साथ ही अपनी तंग गलियों के लिए भी जानी जाती थी। लेकिन आज वहां के हालात बदल चुके हैं। वाराणसी एक बहुत पुराना शहर है। इसलिए वहां पर विकास के लिए बहुत कुछ करने की संभावना कम थी। इसके बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चमत्कार करके दिखाया है। ऐसा ही कुछ उन्होंने पूरे देश के साथ किया है। बहुत से ऐसे कार्य थे, जो असंभव लगते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी ने उन सभी कार्यों को करके दिखाया। मुझे उम्मीद है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा जीतेगी और नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। इसी अंक में अंडरग्राउंड मेट्रो पर योगेश कुमार गोयल का लेख भी नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों का ही एक विजन है।

**जितेन्द्र सिंह**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश**

चाणक्य वार्ता के मई अंक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विचारों पर विशाल शर्मा का लेख पढ़ा। इस समय पूरे भारत में लोकसभा चुनाव का माहौल चल रहा है। ऐसे में सभी अपना पक्ष रख रहे हैं। लेख में नायब सिंह सैनी के जिन विचारों को लेखक ने लिखा है। मुझे लगता है कि उनको भी उसी रूप में लिया जाना चाहिए। इस लेख में लगी फोटो में नायब सिंह सैनी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी दिख रहे हैं। शिलापट्ट में मनोहरलाल का नाम, सैनी से ऊपर लिखा हुआ है, जो एक स्वस्थ्य राजनीतिक परंपरा को दर्शाता है।

**एकलव्य शाह**
**सूरत, गुजरात**